# इंदौर में मिले डेल्टा स्वरूप के दो नए मामले

इंदौर, 13 अगस्त (भाषा)।

मध्य प्रदेश में इंदौर जिले के दो और लोग कोरोना विषाणु के डेल्टा स्वरूप से संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कोविड-19 की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी डॉ अमित मालाकार ने बताया कि दिल्ली के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की जांच रिपोर्ट में इंदौर जिले के दो लोग कोरोना विषाणु के डेल्टा स्वरूप से संक्रमित पाए गए हैं। इन लोगों के नमूने अन्य संक्रमितों के नमूनों के साथ जीनोम अनुक्रमण (सीक्वेंसिंग) के लिए जुलाई में एनसीडीसी भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि डेल्टा स्वरूप से संक्रमित पाए गए दोनों व्यक्ति इलाज के बाद महामारी से उबर चुके हैं।

मालाकार ने बताया कि इंदौर जिले के अन्य मरीजों में कोरोना विषाणु के डेल्टा स्वरूप का संक्रमण पहले भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कोरोना के डेल्टा प्लस स्वरूप का एक भी मामला नहीं मिला है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, करीब 35 लाख की आबादी वाले जिले में अब तक कोविड-19 के कुल 1,53,021 मरीज मिले हैं।

## बच्चों के भीख मांगने का मामला

# केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बच्चों के भीख मांगने के उन्मूलन को लेकर दायर जनहित याचिका (पीआइएल) पर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार और केंद्र से शुक्रवार को जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति अमित बंसल ने अजय गौतम की याचिका पर नोटिस जारी किए। पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार के साथ दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग व दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है।

गौतम ने इस याचिका में भीख मांगने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए और उन लोगों को गिरफ्तार करने का भी अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है जो 'बच्चों, किशोरियों और छोटे बच्चों का उपयोग करने वाली महिलाओं को भीख मांगने और...अपराध में धकेल रहे हैं' और युवा लड़कियों का शोषण कर रहे हैं। गौतम ने आरोप लगाया कि शहर के हर हिस्से में भिखारियों की मौजूदगी के बावजूद अधिकारियों ने इस बुराई को खत्म करने के लिए कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए।

**याचिका** में कहा गया, 'हर कोई जानता है कि बच्चों द्वारा भीख मांगने की इस बुराई के पीछे भीख माफिया सक्रिय हैं और दरअसल भीख मंगवाने के लिए मासूम बच्चों का अपहरण, उनको प्रशिक्षण देते हैं, मजबूर करते हैं और उनपर अत्याचार करते हैं।' इसमें कहा गया कि छोटे बच्चों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जाता है और घायल किया जाता है ताकि लोगों की अधिकतम सहानुभूति प्राप्त की जा सके।

याचिका में कहा गया, 'हर कोई जानता है कि बच्चों द्वारा भीख मांगने की इस बुराई के पीछे भीख माफिया सक्रिय हैं और दरअसल भीख मंगवाने के लिए मासूम बच्चों का अपहरण, उनको प्रशिक्षण देते हैं, मजबूर करते हैं और उनपर अत्याचार करते हैं।' इसमें कहा गया कि छोटे बच्चों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जाता है और घायल किया जाता है ताकि लोगों की अधिकतम सहानुभूति प्राप्त की जा सके। याचिका में कहा गया, 'सर्दियों के मौसम में यह आमतौर पर देखा जाता है कि लड़कियां बिना कपड़ों के गोदी में बच्चों को लिए रहती हैं ताकि ज्यादा सहानुभूति मिले। यहां यह जिक्र करना भी संदर्भ से बाहर नहीं है कि कई मामलों में ये माफिया गिरोह और लड़कियां लोगों की सहानुभूति पाने के लिए जानबूझकर छोटे बच्चों को नशीली चीजें देती हैं जहां 9 से 12 महीने तक के बच्चों के जीवन को खतरे में डाला जाता है।' याचिका में तर्क दिया गया है कि भारत का संविधान राज्य को बच्चों के विकास के लिए सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के प्रयास करने और यह सुनिश्चित करने का आदेश देता है कि उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं हो।

## RattanIndia Enterprises Limited

(Formerly RattanIndia Infrastructure Limited)

**Extract from the Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter Ended 30 June 2021** (Rs. Lakh)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended 30.06.2021 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter Ended 30.06.2020 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 100.00 | 10.00 | - | 10.00 |
| 2 | Net (loss)/ profit for the period (before tax and exceptional items) | (77.66) | (26.34) | 8.79 | 0.70 |
| 3 | Net (loss)/ profit for the period before tax (after exceptional items) | (77.66) | (26.34) | 8.79 | 0.70 |
| 4 | Net (loss)/ profit for the period after tax (after exceptional items) | (82.66) | (22.25) | 7.54 | 0.70 |
| 5 | Total comprehensive (loss)/ income for the period [Comprising (loss)/ income for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)] | (82.66) | (27.61) | 7.54 | (4.66) |
| 6 | Paid-up equity share capital (face value of Rs. 2 per equity share) | 27,645.39 | 27,645.39 | 27,645.39 | 27,645.39 |
| 7 | Other Equity as shown in the audited balance sheet | | | | (19,189.25) |
| 8 | Earnings per share (EPS) (face value of Rs. 2 per equity share) | | | | |
| | - Basic (Rs.) | (0.006)* | (0.002)* | 0.001* | 0.000 |
| | - Diluted (Rs.) | (0.006)* | (0.002)* | 0.001* | 0.000 |
| | *(EPS for the quarter is not annualised) | | | | |

Notes:

(a) Additional information on standalone financial results is as follows:

| Sr. No | Particulars | Quarter Ended 30.06.2021 (Unaudited) | Quarter Ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter Ended 30.06.2020 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 100.00 | 10.00 | - | 10.00 |
| 2 | Net Profit/ (loss) for the period before tax | 33.04 | (26.22) | 8.79 | 0.82 |
| 3 | Net Profit/ (loss) for the period after tax | 28.04 | (22.13) | 7.54 | 0.82 |
| 4 | Total comprehensive income/ (loss) for the period [Comprising income/ (loss) for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)] | 28.04 | (27.49) | 7.54 | (4.54) |

(b) The above is an extract of the unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the company's website https://www.rattanindiaenterprises.com and on the Stock Exchanges website at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

(c) During the current period, the Company has acquired 623,712 equity shares constituting 33.33 % of the paid-up share capital of Revolt Intellicorp Private Limited ("RIPL") and paid application money for subscription of 317,328 share warrants for an aggregate amount of Rs 10,000 lakhs. Warrants when converted into equity shares after payment of balance consideration, shall result in the Company having aggregate stake of 43% in RIPL. Pursuant to the investment made, RIPL became an associate of the Company.

**Registered Office : H. No. 9, First Floor, Hauz Khas Vill., New Delhi - 110016**
**CIN: L40101DL2010PLC210263**

**Place: New Delhi**
**Date : 13 August 2021**

**For and on behalf of the Board of Directors**
**RattanIndia Enterprises Limited**
**(Formerly RattanIndia Infrastructure Limited)**
**Rajiv Rattan**
**Chairman**

# एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**बैक ऑफिसः लक्ष्मी इंश्योरेंस बिल्डिंग, ऑसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002**

## कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

**[(परिशिष्ट-IV) नियम 8(1) देखें]**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (द्वितीय) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के प्रवर्तन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ने लेखाओं के अधीन वर्णित राशि को कथित सूचना की तिथि से साठ दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए एक मांग सूचना जारी की। कथित कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहें इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियम के नियम-9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सम्मुख तिथि को नीचे वर्णित सम्पत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। विशेषकर कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति के साथ कोई भी लेनदेन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार और उस पर आगे ब्याज के भुगतान के अधीन होगा। जिस सम्पत्ति का कब्जा लिया गया है उसका विवरण निम्नानुसार है:

### अचल सम्पत्ति का विवरण

| क्र. सं. | लोन खाता नं., कर्जदार एवं गारंटर का नाम | बंधक/चार्ज्ड संपत्तियों का विवरण | मॉग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | 13(2) सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोन खाता सं. 310700002575 कर्जदार: श्री चाँद राम सह-कर्जदार: श्रीमती सरोज | छत/टैरेस अधिकारों के बिना दूसरी मंजिल वाली सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से जो निर्मित सम्पत्ति में से सम्पत्ति सं. आरजेड-एफ-1/5, खसरा नम्बर 88/3 के प्लॉट नम्बर 11 और 12 पर निर्मित, ग्राम पालम के राजस्व सम्पदा में स्थित कालोनी को महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045 के नाम से जाना जाता है। क्षेत्रफल परिमाप 826 वर्गफीट। जो घिरा है: उत्तर की ओर: रोड 12 फीट दक्षिण की ओर: अन्य की सम्पत्ति पूर्व की ओर: प्लॉट नं.आरजेडएफ-1/14 पश्चिम की ओर: प्लॉट नं.आरजेडएफ-16 | 15.02.2021 | 05.08.2021 | रू. 39,63,093.11 उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार। |

कर्जदार का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम के उप-अनुच्छेद 13 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**दिनांकः 05.08.2021**
**स्थानः नई दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.**

## AJANTA SOYA LIMITED

**CIN L15494RJ1992PLC016617**
**Regd. Office & Works : SP-916 Phase-III, Industrial Area, Bhiwadi-301019, Rajasthan**
**Tel.: 911-6176727, 911-6128880**
**Corp. Office : 12th Floor, Bigjo's Tower, A-8, Netaji Subhash Place, Wazirpur District Centre, Delhi - 110034 Tel: 011-42515151, Fax : 011-42515100**
**E-mail : cs@ajantasoya.com, Website: www.ajantasoya.com**

**Extract of Standalone Un-audited Financial Results for the quarter ended 30th June, 2021**

(₹ in Lakhs except EPS)

| Sl No. | Particulars | Standalone Quarter ended 30.06.2021 Un-Audited | Quarter ended 30.06.2020 Un-Audited | Year ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from operations* | 33695.82 | 19153.17 | 93902.61 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extra Ordinary items) | 1318.41 | 147.25 | 4058.28 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 1318.41 | 147.25 | 4058.28 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 868.14 | 68.43 | 2514.09 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | 868.14 | 68.43 | 2526.31 |
| 6. | Equity Share Capital | 1609.66 | 1609.66 | 1609.66 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 6326.16 as on (31.03.2021) | 3799.85 (as on 31.03.2020) | 6326.16 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | Basic: | 5.39 | 0.43 | 15.62 |
| | Diluted: | 5.39 | 0.43 | 15.62 |

**Note:**

*Total Income from operations consists of "Revenue from Operations and Other Income".

This Financial Results of the Company have been prepared in accordance with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS), prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

The above is an extract of the detailed format of Un-audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations,2015. The full format of the quarter ended 30th June, 2021 Un-audited financial Results are available on the Stock Exchange websites: **www.bseindia.com** and on Company's website **www.ajantasoya.com**.

The above results were reviewed by the Audit committee, and thereafter approved by the Board of Directors in their meetings held on 13th August, 2021.

Previous year periods figures have been regrouped/reclassified/recasted, wherever necessary.

**On behalf of the Board**
**For Ajanta Soya Limited**
**Sd/-**
**Sushil Goyal**
**Managing Director**
**(DIN: 00125275)**

**Place : New Delhi**
**Date : 13th August, 2021**

## आरएसीएल गिअरटेक लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 15वॉं तल, ईरोस कॉर्पोरेट टावर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019 (भारत)
टेली. नं.: 011-66155129 | फैक्स नं. : 0120-4588513
ई-मेल : info@raclgeartech.com | वेबसाईट: www.raclgeartech.com
CIN : L34300DL1983PLC016136

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(ईपीएस को छोडकर रूपये लाखों में)

| विवरण | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अनअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2020 (अनअंकेक्षित) | समेकित समाप्त पूर्व वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) | स्टैण्डअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अनअंकेक्षित) | स्टैण्डअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | स्टैण्डअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2020 (अनअंकेक्षित) | स्टैण्डअलोन समाप्त पूर्व वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय | 5751.80 | 6898.66 | 2341.60 | 20773.00 | 5751.80 | 6898.66 | 2341.60 | 20773.00 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानी) (कर, असाधारण एंव/अथवा विशिष्ट मदो से पूर्व) | 691.88 | 954.70 | 74.72 | 3024.11 | 694.77 | 951.24 | 71.16 | 3012.89 |
| कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण एंव/अथवा विशिष्ट मदो के बाद) | 691.88 | 954.70 | 74.72 | 3024.11 | 694.77 | 951.24 | 71.16 | 3012.89 |
| कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण एंव/अथवा विशिष्ट मदो के बाद) | 495.69 | 726.89 | 154.50 | 2349.02 | 504.61 | 723.53 | 151.05 | 2338.12 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | 507.60 | 819.92 | 139.18 | 2397.18 | 516.48 | 817.28 | 135.62 | 2385.60 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 | 1078.16 |
| आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों को छोडकर) जैसा कि पूर्व वर्ष के तुलना पत्र में दर्शाई गई है | - | 9724.76 | - | 9724.76 | - | 9715.21 | - | 9715.21 |
| आय प्रति शेयर (सम मूल्य रू. 10/- प्रति का) अनवरत तथा अवरूद्ध प्रचालनों के लिए) मूल तथा तरल | 4.60 | 6.74 | 1.43 | 21.79 | 4.68 | 6.71 | 1.40 | 21.69 |

नोट्सः

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 तथा सेबी सर्क्युलर **CIR/CFD/FAC/62/2016** तिथि 5 जुलाई, 2016 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचैंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड में दाखिल की गई 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित स्टैंडएलॉन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। अनअंकेक्षित स्टैण्डएलॉन एवं समेकित तिमाही के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप कंपनी को वेबसाईट अर्थात **www.raclgeartech.com** तथा स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट अर्थात **www.bseindia.com** पर उपलब्ध है।
2. 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के विस्तृत अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों तथा इस सारांश की "सीमित समीक्षा" कमिटी द्वारा की गई तथा 13 अगस्त, 2021 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए तथा 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की कंपनी के सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा-परीक्षका की गई है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उनकी ओर से
आरएसीएल गिअरटेक लिमिटेड
हस्ता./-
गुरशरण सिंह
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

स्थान : नोएडा
दिनांक : अगस्त 13, 2021

## RAGHUNATH INTERNATIONAL LIMITED

**CIN No.: L52312UP1994PLC022559**
**Registered Office : Mandhana Bithoor Road, Village Choudharipur, Bithoor, Kanpur, Uttar Pradesh - 209 201**
**Tel. No.: 011-23852583, Fax No.: 011-23852666**
**Website: www.raghunathintlimited.in, E-mail: rgc.secretarial@rediffmail.com**

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER ENDED ON 30TH JUNE 2021**

(Rs. in lacs)

| S. No. | PARTICULARS | Standalone Quarter ended 30.06.2021 Unaudited | Standalone Quarter ended 31.03.2021 Audited | Standalone Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Standalone Financial Year ended 31.03.2021 Audited | Consolidated Quarter ended 30.06.2021 Unaudited | Consolidated Quarter ended 31.03.2021 Audited | Consolidated Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Consolidated Financial Year ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (net) | - | - | - | 149.750 | - | - | - | 149.750 |
| 2. | Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 |
| 3. | Net Profit/(Loss) after tax (after Extraordinary items) | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 |
| 4. | Minority Interest (Share of profit/(loss) of associates)* | - | - | - | - | 3.328 | 17.506 | 3.197 | 49.140 |
| 5. | Net Profit/(Loss) after tax and minority interest* | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 | 16.690 | 26.078 | 43.046 | 159.945 |
| 6. | Other Comprehensive income | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 7. | Total Comprehensive income for the period | 13.362 | 8.572 | 39.848 | 110.805 | 16.690 | 26.078 | 43.046 | 159.945 |
| 8. | Equity Share Capital | 500.02 | 500.02 | 500.02 | 500.02 | 500.02 | 500.02 | 500.02 | 500.02 |
| 9. | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 375.010 | - | - | - | 748.650 |
| 10. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | | | |
| | Basic : | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | Diluted : | 0.267 | 0.171 | 0.797 | 2.216 | 0.334 | 0.522 | 0.861 | 3.199 |

Notes : The above is an extract of the details format of the Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter ended on 30th June, 2021 filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations,2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter ended on 30th June, 2021 are available on the Stock Exchange Website (www.bseindia.com) and on the Company's website (raghunathintlimited.in).

By the order of the Board
For Raghunath International Limited
G.N Choudhary
Director
DIN 00012883

Place: New Delhi
Date: 13.08.2021

## RTCL LIMITED

**CIN No.: L52312UP1994PLC022559**
**Registered Office : Mandhana Bithoor Road, Village Choudharipur, Bithoor, Kanpur, Uttar Pradesh - 209 201**
**Tel. No.: 011-23852583, Fax No.: 011-23852666**
**Website: www.rtcllimited.in,E-mail:rgc.secretarial@gmail.com**

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER ENDED ON 30TH JUNE 2021**

(Rs. in lacs)

| S. No. | PARTICULARS | Standalone Quarter ended 30.06.2021 Unaudited | Standalone Quarter ended 31.03.2021 Audited | Standalone Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Standalone Financial Year ended 31.03.2021 Audited | Consolidated Quarter ended 30.06.2021 Unaudited | Consolidated Quarter ended 31.03.2021 Audited | Consolidated Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Consolidated Financial Year ended 31.03.2021 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (net) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 |
| 3. | Net Profit/(Loss) after tax (after Extraordinary items) | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 |
| 4. | Minority Interest (Share of profit/(loss) of associates)* | - | - | - | - | 3.110 | 24.555 | 2.988 | 54.118 |
| 5. | Net Profit/(Loss) after tax and minority interest* | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 | 10.537 | 108.711 | 5.733 | 223.545 |
| 6. | Other Comprehensive income | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 7. | Total Comprehensive income for the period | 7.427 | 84.156 | 2.745 | 169.427 | 10.537 | 108.711 | 5.733 | 223.545 |
| 8. | Equity Share Capital | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 | 1200.117 |
| 9. | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 164.383 | - | - | - | 2,733.076 |
| 10. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | | | |
| | Basic : | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | Diluted : | 0.060 | 0.701 | 0.184 | 1.412 | 0.088 | 0.906 | 0.048 | 1.863 |

**NOTE: 1.**The above is an extract of the details format of the Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter ended on 30th June, 2021 filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations,2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results for Quarter ended on 30th June, 2021 are available on the Stock Exchange Website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.rtcllimited.in).

**For RTCL Limited**
Ajay Kumar Jain
Director
DIN: 00043340

Place: New Delhi
Date: 14.08.2021

# स्वतंत्रता दिवस समारोहों से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

श्रीनगर, 13 अगस्त (भाषा)।

स्वतंत्रता दिवस समारोहों से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बल स्थिति की निगरानी के लिए ड्रोनों के इस्तेमाल समेत 'तकनीकी निगरानी' की मदद ले रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि समारोहों में किसी तरह की बाधा डालने की आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बल शहर में कई स्थानों पर मौजूद रहेंगे। घाटी में हर जगह पर भारी संख्या में उनकी तैनाती की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी में कई स्थानों पर वाहनों की औचक जांच की जा रही है। लोगों की तलाशी ली जा रही है, खासकर 15 अगस्त के कार्यक्रमों वाले स्थानों के आसपास। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम यहां शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि घाटी में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। सुरक्षा बल चौकन्ने हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, 'लोगों की तलाशी, जांच और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। हम तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम श्रीनगर समेत सभी जिलों में किसी अप्रिय घटना से मुक्त कार्यक्रम सुनिश्चित करेंगे।' लोगों को डरना नहीं चाहिए और कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए।

## गुरुग्राम के स्कूल में छात्र की मौत पर आधारित वृत्तचित्र का मामला

# उच्च न्यायालय ने प्रसारण पर लगाई रोक

नई दिल्ली, 13 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 2017 में गुरुग्राम के एक स्कूल में सात वर्षीय छात्र की कथित हत्या पर आधारित वृत्तचित्र 'ए बिग लिटिल मर्डर' के प्रसारण पर रोक लगा दी है। अदालत ने नेटफ्लिक्स और चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) को उक्त वृत्तचित्र के प्रसारण से उस वक्त तक रोक दिया है, जब तक कि स्कूल के सभी संदर्भ हटा नहीं दिए जाते।

स्कूल के ट्रस्ट की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जयंत नाथ ने कहा कि वृत्तचित्र में उसके मूल रूप में गोपनीयता की सुरक्षा और मामले में शामिल पक्षों की प्रतिष्ठा पर अदालत के आदेश का उल्लंघन किया गया है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादियों (नेटफ्लिक्स, सीएनए, फिल्म निर्माता और अज्ञात पक्षों) को 'ए बिग लिटिल मर्डर' या इसके किसी भी संक्षिप्त संस्करण नामक वृत्तचित्र के स्ट्रीमिंग, प्रसारण आदि से रोक दिया गया है।

न्यायाधीश ने 10 अगस्त को पारित अपने आदेश में कहा कि मैं स्पष्ट कर सकता हूं कि वादी स्कूल के सभी संदर्भों को हटाने और उस हिस्से को हटाने, जहां स्कूल की इमारत को दर्शाया गया है, के बाद प्रतिवादी इस वृत्तचित्र को प्रसारित कर सकते हैं। ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील राजीव विरमानी और करंजावाला एंड कंपनी के वरिष्ठ साझेदार संदीप कपूर ने किया। ट्रस्ट ने अदालत को सूचित किया कि वृत्तचित्र इस महीने की शुरुआत से सीएनए की वेबसाइट और नेटफ्लिक्स के मंच पर दर्शकों के लिए उपलब्ध था। गौरतलब है कि सितंबर 2017 में गुरुग्राम के एक स्कूल के वॉशरूम में कक्षा दो के एक छात्र की गला काटकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच हरियाणा पुलिस से सीबीआइ को स्थानांतरित कर दी गई थी।



www.readwhere.com